भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4298**

20 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**मर्म चिकित्सा प्रशिक्षण केन्द्र**

4298. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जिसके देश के नोडल केन्द्र के रूप में कार्य करने की संभावना है, में मर्म चिकित्सा प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का राज्य में दस बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने, उत्तराखंड के कोटद्वार में पचास बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल का उन्नयन करने और देश के प्रत्येक जिले में सचल आयुष इकाइयों की स्थापना करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, उत्तराखंड के कोटद्वार सहित देश के प्रत्येक जिले में आयुष अस्पतालों तथा मोबाइल आयुष इकाइयों की स्थापना करना संबंधित राज्य सरकार के कार्य क्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत उत्तराखंड सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों और आयुष मोबाइल चिकित्सा इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है और तदनुसार राज्य एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। एनएएम योजना के तहत, उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा एसएएपी के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार उत्तराखंड राज्य के पथरी और भीमताल में 10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की 02 इकाइयों और कोटद्वार में 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की 01 इकाई को अनुमोदित/समर्थित किया गया है। हालाँकि, जहाँ तक आयुष मोबाइल चिकित्सा इकाइयों का प्रश्न है, उत्तराखंड राज्य सरकार से एसएएपी के माध्यम से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****